सुनु जननी सोइ सुत बड़भागी । जो पितु मातु वचन अनुरागी ।।
तनय मातु पितु तोषनिहारा । दुर्लभ जननि सकल संसारा ।।
|| Ram Katha 963 – ✲मानस मातृ पितृ पक्ष || Yavatmal (भारत) || मोरारी बापू ||

सांध्य दैनिक

आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

DGR Detective Group Report

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 11 अंक : 60 | इंदौर, शुक्रवार 12 सितंबर, 2025 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

## सोम डिस्टलरी पर सेंट्रल एक्साइज की बड़ी कार्रवाई, टैक्स चोरी की जांच में अब तक 14 करोड़ सरेंडर




@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

भोपाल, एजेंसी। मध्यप्रदेश की प्रमुख शराब कंपनी सोम डिस्टलरी एक बार फिर जांच एजेंसियों के रडार पर आ गई है। सेंट्रल एक्साइज विभाग ने बुधवार को भोपाल और रायसेन जिले में कंपनी के पांच ठिकानों पर एक साथ छापे की कार्रवाई शुरू की, जो गुरुवार देर रात तक जारी रही। शुरुआती जांच में टैक्स चोरी के संकेत मिलने पर कंपनी प्रबंधन ने करीब 14 करोड़ रुपये विभाग के पास जमा करा दिए हैं। जानकारी के अनुसार विभागीय जांच में यह संभावना जताई जा रही है कि टैक्स चोरी का कुल आंकड़ा 50 करोड़ रुपये के आसपास पहुंच सकता है। फिलहाल विभाग की टीम दस्तावेजों और स्टॉक की गहन जांच कर रही है।

### लाइसेंस में हेरफेर का आरोप

छापेमारी रायसेन जिले के सेहतगंज और गोचरा चक स्थित यूनिट्स तथा भोपाल के एमपी नगर स्थित मुख्यालय में की गई। आरोप है कि कंपनी ने विदेशी बोतलों के आयात से जुड़े लाइसेंस में गड़बड़ी कर सरकार को भारी टैक्स नुकसान पहुँचाया। जांच में पाया गया कि आयातित बोतलों का वास्तविक स्टॉक कम दिखाया गया और निर्यात संबंधी दस्तावेज अधूरे पाए गए।

### कर्मचारियों ने जताया विरोध

सेहतगंज यूनिट और भोपाल दफ्तर में जब विभागीय टीम पहुंची तो कर्मचारियों ने कार्रवाई का विरोध किया। वहीं, कंपनी के एक प्रबंधक ने मीडिया से बातचीत में कहा कि यह नियमित प्रक्रिया है, छापेमारी नहीं। हालांकि, वे यह स्पष्ट नहीं कर पाए कि कार्रवाई किस विशेष मामले में की जा रही है। इस दौरान कंपनी के गाइर्स ने मीडिया प्रतिनिधियों को दफ्तर के अंदर जाने से रोकने की कोशिश भी की।

### पहले भी हो चुकी है कार्रवाई

बता दें कि इससे पहले भी सोम ग्रुप पर आयकर विभाग और अन्य केंद्रीय एजेंसियां कार्रवाई कर चुकी हैं। पूर्व की छापेमारियों में करोड़ों रुपये की अनियमितताएं सामने आ चुकी हैं।

# सीएम ने पीएम के दौरे की ग्राम भैंसोला में तैयारियों का जायजा लिया

## सोयाबीन फसल के नुकसान सर्वे के निर्देश

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

भोपाल, एजेंसी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने गुरुवार को धार जिले के ग्राम भैंसोला पहुंचकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रस्तावित दौरे की तैयारियों का जायजा लिया। प्रधानमंत्री 17 सितंबर को यहां पीएम मित्रा पार्क का भूमि-पूजन करेंगे और स्वस्थ नारी-सशक्त परिवार अभियान की शुरुआत करेंगे। मुख्यमंत्री ने कलेक्टर्स को निर्देश दिए कि जिन जिलों में सोयाबीन की फसल में मोजेक बीमारी के कारण नुकसान हुआ है। वहां तत्काल सर्वेक्षण प्रारंभ किया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री का आगमन प्रदेश के लिए गौरव का क्षण है और पीएम मित्रा पार्क क्षेत्र के सामाजिक, आर्थिक और कृषि विकास में मील का पत्थर साबित होगा।



### ◆ किसानों और युवाओं के लिए नए अवसर

मुख्यमंत्री ने बताया कि भैंसोला क्षेत्र कपास उत्पादन के लिए जाना जाता है। पार्क के शुरू होने से कपास आधारित उद्योगों को बढ़ावा मिलेगा और किसानों को नई संभावनाएं मिलेंगी। अनुमान है कि इस परियोजना से लगभग 6 लाख किसानों को अप्रत्यक्ष और एक लाख लोगों को प्रत्यक्ष रोजगार मिलेगा।

डॉ. यादव ने कहा कि यह पार्क प्रधानमंत्री मोदी के जनकल्याणकारी विजन को साकार करेगा और मध्यप्रदेश पहला राज्य होगा जहां पीएम मित्रा पार्क का भूमि-पूजन होगा।

### ◆ तैयारियों की सख्त समीक्षा

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि मंच, सजावट, बैठने, ध्वनि और प्रकाश सहित सभी व्यवस्थाएं समय पर और सुव्यवस्थित हों। उन्होंने सुरक्षा प्रबंधन को प्राथमिकता देने और प्रधानमंत्री के आवागमन मार्ग पर विशेष निगरानी व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि यातायात व्यवस्था इस तरह की जाए कि आम जनता को कोई असुविधा न हो। उन्होंने नागरिकों से भी आयोजन को सफल बनाने में सहयोग की अपील की।

### ◆ तत्काल सर्वेक्षण प्रारंभ किया जाए

मुख्यमंत्री ने कलेक्टर्स को निर्देश दिए कि जिन जिलों में सोयाबीन की फसल में मोजेक बीमारी के कारण नुकसान हुआ है। वहां तत्काल सर्वेक्षण प्रारंभ किया जाए। उन्होंने कलेक्टर्स से मुआवजे की प्रक्रिया को प्रभावी रूप से पूरा करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर नगरीय विकास एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्री चैतन्य कुमार काश्यप, महिला एवं बाल विकास निर्मला भूरिया, केंद्रीय राज्यमंत्री सावित्री ठाकुर, हितानंद शर्मा, सांसद सुधीर गुप्ता सहित विधायकगण एवं प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे।

# दिवाली-छठ पर ट्रेनें फुल, वापसी के लिए भी यात्रियों को नहीं मिल रहा टिकट, वेटिंग भी बंद

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

इंदौर। त्योहारों के सीजन में घर जाने वाले यात्रियों के लिए ट्रेन टिकट मिलना मुश्किल हो गया है। दिवाली और छठ पूजा जैसे बड़े त्योहारों पर लाखों लोग अपने-अपने घर लौटते हैं, लेकिन इस बार इंदौर से पूर्वी भारत की ओर जाने वाली लगभग सभी ट्रेनें पूरी तरह फुल हो चुकी हैं। हालात यह है कि कई ट्रेनों में वेटिंग तक की सुविधा उपलब्ध नहीं है।

20 अक्टूबर को दिवाली है, जबकि 25 अक्टूबर से छठ पूजा की शुरुआत होगी और 28 अक्टूबर को सुबह सूर्य को अर्घ्य देने के बाद इसका समापन होगा।



ऐसे में ज्यादातर लोग 20 से 25 अक्टूबर के बीच घर पहुंचना चाहते हैं, लेकिन टिकट की भारी किल्लत के चलते यात्रियों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इंदौर से पटना और पूर्वी राज्यों के लिए चलने वाली सभी ट्रेनों में टिकट पहले ही बुक हो चुकी हैं।

19313 इंदौर–पटना एक्सप्रेस में 28 अक्टूबर तक सीटें पूरी तरह फुल हैं और वेटिंग लिस्ट भी लंबी है। वहीं, 19321 इंदौर–पटना एक्सप्रेस में 25 अक्टूबर तक कन्फर्म टिकट की कोई संभावना नहीं है, यात्री मजबूरी में वेटिंग टिकट ही ले रहे हैं। महू से पटना के लिए चलने वाली स्पेशल ट्रेन 09343 डॉ. अंबेडकर नगर –पटना स्पेशल में 9 अक्टूबर को केवल 70 सीटें खाली हैं, लेकिन 16 और 23 अक्टूबर को यहां भी वेटिंग शुरू हो चुकी है। वापसी में भी यात्रियों को परेशानी झेलनी पड़ रही है।


खबर लिखे जाने तक 19314 इंदौर एक्सप्रेस में पटना से इंदौर आने के लिए 31 अक्टूबर को स्लीपर क्लास में 67, थर्ड एसी में 94, थर्ड ई में 39, सेकंड एसी में 45 और फर्स्ट एसी में 9 वेटिंग लिस्ट है। इसी तरह, 19344 पटना– डॉ. अंबेडकर नगर स्पेशल में 31 अक्टूबर को स्लीपर में 3, थर्ड एसी में 33, थर्ड ई में 23 और सेकंड एसी में 16 वेटिंग लिस्ट है। हालांकि, इस ट्रेन में 7 नवंबर की यात्रा के लिए एसी और स्लीपर क्लास में सीटें उपलब्ध हैं।

# एमवाय अस्पताल में नवजातों की मौत पर हाईकोर्ट नाराज

## सरकार से 5 दिन में स्टेटस रिपोर्ट मांगी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** एमवाय अस्पताल में चूहों के कुतरने से हुई दो नवजातों की मौत को हाईकोर्ट ने सख्त रुख अपनाया है। 15 दिन बाद भी कठोर कार्रवाई नहीं होने पर हाईकोर्ट ने सरकार को नोटिस दिया है। पूरे मामले की स्टेटस रिपोर्ट 15 सितंबर तक मांगी है। इस नोटिस के बाद अस्पताल अधीक्षक डॉ. अशोक यादव खुद को बीमार बताते हुए 11 से 25 सितंबर तक छुट्टी पर चले गए।



न्यायमूर्ति विवेक रूसिया और न्यायमूर्ति जेके पिल्लई की युगल पीठ ने इस मामले को नवजातों के मौलिक अधिकारों और सार्वजनिक स्वास्थ्य से जुड़ा मानते हुए स्वतः संज्ञान लिया। कोर्ट ने यह भी नोट किया कि सफाई और पेस्ट कंट्रोल करने वाली निजी कंपनी एजाइल सिक्योरिटी के खिलाफ ठोस दंडात्मक कार्रवाई नहीं की गई, जबकि उसकी लापरवाही से यह दर्दनाक हादसा हुआ। हाईकोर्ट का रुख देखते हुए प्रमुख सचिव (लोक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा) ने एजाइल कंपनी को हटाने के निर्देश दे दिए। पीडियाट्रिक सर्जरी विभाग के एचओडी डॉ. बृजेश लाहोटी को पद से हटा दिया। प्रभारी एचओडी डॉ. मनोज जोशी को सस्पेंड कर दिया है। वरिष्ठ अधिकारियों तथ्यों को दबाने की कोशिश की। उन्होंने यह दावा किया कि नवजातों की मौत गंभीर बीमारी के कारण हुई है, न कि चूहों के काटने से। बताया गया कि बच्चों के अंग पूरी तरह विकसित नहीं थे। धार निवासी दंपती के नवजात की मौत को लेकर भी गलत जानकारी दी गई। तत्कालीन कलेक्टर आशीष सिंह और मेडिकल एजुकेशन कमिश्नर तरुण राठी को भी गलत फीडबैक देकर गुमराह किया गया कि पोस्टमॉर्टम हो गया है और रिपोर्ट में चूहे के काटने का जिक्र नहीं है। इसी आधार पर दोनों अधिकारियों ने मीडिया को गलत जानकारी दी। 3 सितंबर को गठित चार सदस्यीय जांच समिति ने मेडिकल एजुकेशन कमिश्नर तरुण राठी को रिपोर्ट दी थी, जिसके आधार पर प्रमुख सचिव संदीप यादव ने एचएलएल इंफ्राटेक सर्विसेज (HITES) को एजाइल सिक्योरिटी का अनुबंध रद्द करने के निर्देश दिए। एजाइल को अस्पताल की सफाई, सुरक्षा और पेस्ट कंट्रोल की जिम्मेदारी सौंपी गई थी।

# कर्ज से परेशान युवक ने जहर खाया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** एक युवक ने जहर खाकर आत्महत्या करने की कोशिश की। युवक के पास से एक नोट भी मिला है, जिसमें खुद पर भारी कर्ज होने और सूदखोरों द्वारा परेशान किए जाने की बात कही गई है। बताया जा रहा है कि युवक पर करीब 62 लाख रुपए से अधिक का कर्ज है। उसने नोट में यह भी लिखा है कि वह सभी का पैसा दे चुका है।

संयोगितागंज पुलिस के अनुसार, बुधवार शाम नेहरू स्टेडियम के पास से दीपेश पंवार (पुत्र राजेन्द्र पंवार, निवासी मयूर नगर) ने जहर खा लिया। इस बीच रोहित नाम के किसी राहगीर ने उसे एमवाय अस्पताल पहुंचाया, जहां उसे उपचार के लिए भर्ती किया गया है। दीपेश इस समय अस्पताल की पांचवीं मंजिल के वार्ड नंबर 27 में भर्ती है। रोहित के कपड़ों से एक सुसाइड नोट बरामद हुआ है, जिसमें दीपेश ने लिखा है कि कई लोग उसे लगातार परेशान कर रहे हैं। नोट में उसने सात लोगों के नाम भी लिखे हैं, जिन्हें उसने उधार लिए रुपए दे चुका है। इस मामले में संयोगितागंज पुलिस दीपेश के बयान लेने अस्पताल पहुंची थी, लेकिन उसकी हालत ठीक नहीं होने के कारण बयान दर्ज नहीं किए जा सके। इधर, दीपेश को लेकर यह जानकारी भी सामने आई है कि उसके खिलाफ पहले भी कई लोग रुपए न लौटाने की शिकायत कर चुके हैं। बताया जा रहा है कि वह व्यापार के सिलसिले में झूठ बोलकर कई लोगों से कर्ज लेता था। फिलहाल पुलिस सुसाइड नोट के आधार पर मामले की जांच कर रही है।

# हार्वेस्टर ड्राइवर को सांप ने काटा, इलाज के दौरान मौत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** खुड़ैल इलाके में पंजाब से आए हार्वेस्टर ड्राइवर की सांप के काटने से मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक, घटना गारी पिपरिया गांव की है। खेत मालिक यादव ने फसल कटाई के लिए हार्वेस्टर मंगवाया था। इसी काम के लिए 44 वर्षीय बिंदर सिंह पुत्र अमरीक अपने दो साथियों के साथ इंदौर पहुंचे थे। रात में खेत पर काम करते समय बिंदर सिंह के पैर में सांप ने काट लिया। उनकी चीख सुनकर साथी दौड़े तो वह जमीन पर गिर चुके थे। तुरंत अस्पताल ले जाया गया, लेकिन हालत गंभीर होने पर एमवाय अस्पताल रेफर कर दिया गया, जहां उनकी मौत हो गई। साथियों के अनुसार, सांप के काटने के करीब 10 मिनट में ही बिंदर की जान चली गई। पुलिस ने रात में ही परिवार को सूचना दी। दोपहर तक परिजन इंदौर पहुंचेंगे।

# पूजन सामग्री उत्पादन इकाईयों की स्थापना के लिए दिया जाएगा बिना गारंटी का लोन एवं ब्याज अनुदान

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। इंदौर जिले में पूजन सामग्री उत्पादन इकाईयों की स्थापना के लिए बिना गारंटी का लोन एवं ब्याज अनुदान दिया जाएगा। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कुटीर एवं ग्रामोद्योग विभाग की समीक्षा बैठक के दौरान इस संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव के निर्देशानुसार प्रदेश में धार्मिक दृष्टि से विकसित किए जा रहे लोक में पूजन सामग्री का उत्पादन बढ़ाया जाएगा। इन लोकों में कुमकुम, रोली, अष्टगंध, सिंदूर, चंदन पाउडर, हल्दी, गुलाल, रंगोली, कपूर, गंगाजल, चावल, पंचमेव, अगरबत्ती, धूपबत्ती , हवन सामग्री, बाती इत्यादि का बड़े पैमाने पर उपयोग होता हैं।**

स्वरोजगार को बढावा देने के लिए मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना, संत रविदास स्वरोजगार योजना, भगवान बिरसा मुंडा स्वरोजगार योजना के तहत पूजन सामग्री उत्पादन इकाइयों को बिना गारंटी ऋण और उक्त ब्याज अनुदान दिया जाएगा। योजना के तहत एमपी आनलाइन के माध्यम से समस्त पोर्टल पर पंजीयन कर एक लाख से 50 लाख रुपये तक का बैंक ऋण लिया जा सकता है। इस योजना का संचालन जिला व्यापार उद्योग केन्द्र कर रहा है। इस संबंध में मध्यप्रदेश खादी ग्रामोद्योग द्वारा प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। विस्तृत जानकारी के लिए खादी ग्रामोद्योग के कार्यालय (खादी उत्पादन केन्द्र) इलेक्ट्रॉनिक काम्पलेक्स परदेशीपुरा कनक विहार गार्डन के पास इंदौर में सम्पर्क किया जा सकता है।

# ऑटो रिक्शा चालक ने की आत्महत्या

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** खजराना थाना क्षेत्र में भी एक युवक ने आत्महत्या कर ली। पुलिस के अनुसार, दीपक (26) पुत्र किशनलाल मालवीय, निवासी मुमताज नगर, ने बुधवार शाम अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। दीपक ऑटो रिक्शा चालक था और शाम को काम से लौटकर घर आया। इसके बाद वह सीधे अपने कमरे में चला गया। उसके दोनों बच्चे बाहर खेल रहे थे। कुछ देर बाद जब बड़ा बेटा कमरे में गया, तो उसने पिता को फंदे से लटका हुआ देखा और परिजनों को सूचना दी।परिवार के अनुसार, दीपक को नशे की लत थी, और वह कुछ समय से तनाव में रह रहा था। पुलिस के अनुसार, शुरुआती जांच में डिप्रेशन की बात सामने आई है, हालांकि मामले की विस्तृत जांच जारी है।

# आबकारी विभाग की बड़ी कार्रवाई

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** शहर में शराब का अवैध रूप से क्रय-विक्रय, परिवहन तथा भंडारण करने वालों के विरूद्ध कलेक्टर श्री शिवम वर्मा के निर्देशन में आबकारी विभाग द्वारा अभियान चलाकर लगातार कार्यवाही की जा रही है। इस कार्यवाही में बड़ी मात्रा में अवैध मदिरा जप्त की गई।





चार दो पहिया वाहन भी जप्त किया गया। सहायक आयुक्त आबकारी अभिषेक तिवारी द्वारा दिये गए निर्देशानुसार 09 सितम्बर एवं 10 सितम्बर को आबकारी विभाग की विभिन्न टीमों द्वारा शहरी क्षेत्र में विभिन्न स्थानों पर अवैध मदिरा के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही की गई। कार्यवाहियों में 4 दोपहिया वाहनों पर परिवहन कर ले जाई जा रही देशी एवं विदेशी मदिरा एवं अन्य स्थानों से भी देशी एवं विदेशी मदिरा बरामद की गई। बरामद की गई मदिरा की मात्रा 9 बल्क लीटर विदेशी मदिरा स्प्रिट, 21 बल्क लीटर विदेशी मदिरा बियर, 45 बल्क लीटर देशी मदिरा एवं 12 लीटर हाथ भट्टी मदिरा एवं 4 दोपहिया वाहन जप्त किए गए। आरोपियों के विरुद्ध आबकारी अधिनियम के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया गया। जप्त मदिरा व वाहनों कुल बाजार मूल्य लगभग 3 लाख 12 हजार रुपये से अधिक है।



# राऊ सर्किल पर आईआईएसटी की बस-कार में टक्कर

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** राऊ सर्किल क्षेत्र में गुरवार सुबह इंदौर इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी की बस और एक कार आमने-सामने भिड़ गईं। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार टक्कर के बाद बस डिवाइडर पर चढ़ गई और फिर नीचे उतर गई। हादसे में बस में सवार कॉलेज के छात्रों को मामूली चोटें आई हैं, वहीं कार में बैठे चार लोग एयरबैग खुलने की वजह से सुरक्षित हैं। जानकारी के मुताबिक कार सवार लोग भोपाल के हैं और जाम गेट से लौट रहे थे। हादसे के बाद दोनों वाहनों को सड़क से हटाकर ट्रैफिक को सुचारू किया गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# निगम आयुक्त दिलीप कुमार यादव ने गणपति बप्पा का आशीर्वाद लेकर संभाला पद

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** शहर के नए नगर निगम आयुक्त दिलीप कुमार यादव ने गुरुवार को पदभार ग्रहण कर लिया। पहले वे खजराना गणेश मंदिर पहुंचे और भगवान गणेशजी का आशीर्वाद लिया। दर्शन के बाद वे नगर निगम कार्यालय पहुंचे और पद संभाला।

पिछले दिनों हुए प्रशानिक अधिकारियों के फेरबदल के बाद पूर्व नगर निगम आयुक्त शिवम वर्मा को इंदौर कलेक्टर बनाया गया। नगर निगम आयुक्त का पद संभालने के लिए श्री यादव गुरुवार को इंदौर पहुंचे थे। पूजन के बाद वे इंदौर नगर निगम मुख्यालय पहुंचे।



जहां निगम के अधिकारियों ने उनका स्वागत किया। नवागत नगर निगम आयुक्त दिलीप कुमार यादव ने मीडिया से चर्चा में कहा कि इंदौर शहर पूरे देश में आगे है। स्वच्छता में नंबर वन है। परसों ही एयर क्वालिटी का अवॉर्ड भी मिला है। अच्छी बात ये है इंदौर की यहां की जनता पूरी टीम के रूप में काम करती है। नगर निगम, प्रशासन सभी के साथ जनता टीम के रूप में काम करती है। हमारी कोशिश है कि जो अब तक इंदौर ने अचीव किया है उससे ज्यादा हम अचीव कर सकें। उन्होंने कहा कि जो खामियां है उसे दूर करने की कोशिश करेंगे।

# इंजीनियरिंग के छात्र ने होस्टल में लगाई फांसी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। जीएसआईटीएस कॉलेज में बीई की पढ़ाई कर रहे एक छात्र ने बुधवार को फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। छात्र बुधवार सुबह से ही कमरे से बाहर नहीं आया था। दोपहर में रूममेट ने कई बार दरवाजा खटखटाया, लेकिन कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली। शाम तक कोई हलचल नहीं होने पर अन्य छात्रों की मदद से दरवाजा तोड़ा गया, जिसके बाद छात्र का शव फंदे पर लटका हुआ मिला।**

तुकोगंज पुलिस के अनुसार, मृतक की पहचान अमन (20) पुत्र दिलीप वर्मा के रूप में हुई है। वह वल्लभ नगर स्थित श्रीजी हॉस्टल में रह रहा था और हाल ही में जीएसआईटीएस कॉलेज में एडमिशन लिया था। अमन मूल रूप से अनूपपुर जिले का रहने वाला था और इंदौर में उसके मामा आलोक वर्मा रहते हैं, जो एक बैंक में कार्यरत हैं। उसके पिता अनूपपुर में कोल माइंस में काम करते हैं और भाई हर्षित ने इंदौर से सीए किया है। घटना की जानकारी के बाद परिवार अनूपपुर से इंदौर आ रहा है।

### *दिनभर गेट नहीं खोला तो शाम को तोड़ा*

हॉस्टल कर्मचारियों ने बताया कि सुबह 9 बजे सफाईकर्मी रोजाना की तरह कमरों की सफाई के लिए आया था, लेकिन अमन ने दरवाजा नहीं खोला। दोपहर करीब 1 बजे अमन का दोस्त अक्षय पाटिल कॉलेज से लौटा, लेकिन दरवाजा नहीं खुलने पर वह ऊपर अपने अन्य दोस्तों के कमरे में चला गया। शाम 7 बजे जब वह वापस नीचे आया और देखा कि दरवाजा अब भी बंद है, तो उसने हॉस्टल वार्डन को सूचना दी। अन्य छात्रों की मदद से दरवाजा तोड़ा गया, जहां अमन फंदे पर लटका हुआ मिला। इसके बाद रात में पुलिस को सूचना दी गई। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए एमवाय अस्पताल भेजा गया। जानकारी के अनुसार, अमन ने इसी साल जीएसआईटीएस कॉलेज में बीई फर्स्ट ईयर में एडमिशन लिया था और वह 21 अगस्त को हॉस्टल में रहने आया था। अभी तक आत्महत्या के कारणों का पता नहीं चल सका है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# श्रमणा सहकारी समितियों के गठन के लिये श्रमिकों से प्रस्ताव आमंत्रित

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** श्रम विभाग द्वारा 'श्रमणा' श्रम सहकारी समितियों के गठन के लिये श्रमिकों से प्रस्ताव आमंत्रित किये गये हैं। नयी पहल के तहत प्रदेश के कुशल श्रमिकों को नवीनतम तकनीक का उपयोग करते हुए श्रमिक सहकारी समितियाँ बनाने का अवसर प्रदान किया जा रहा है, जिससे सहयोग और आय के न्यायपूर्ण वितरण को सुनिश्चित किया जा सके और प्रशिक्षित प्रमाणित श्रमिकों को रोजगार एवं स्व-रोजगार के अवसर उपलब्ध कराये जा सकें। मुख्यमंत्री द्वारा श्रम विभाग की समीक्षा बैठक में 'श्रमणा' श्रमिक सहकारी समिति की अवधारणा के लिये आधिकारिक लोगो जारी किया गया है, जिससे इस महत्त्वपूर्ण पहल की शुरुआत हुई है। कार्यक्रम के अंतर्गत, श्रम विभाग अपने विभिन्न मंडलों के माध्यम से ऐसे श्रमिक सहकारी समितियों के गठन और संचालन में आवश्यक सहायता देगा। 'श्रमणा' सहकारी का उद्देश्य कुशल श्रमिकों को संस्थागत शक्ति प्रदान करना तथा लाभ के न्यायसंगत वितरण को सुनिश्चित करना एवं डिजिटल उपकरणों और नवाचार से युक्त प्रबंधन पद्धतियों के माध्यम से साझा विकास को प्रोत्साहित करना है। विभिन्न व्यवसायों, कारीगरों और सेवाओं से जुड़े कुशल श्रमिक, जो इस पहल के तहत सहकारी समितियाँ बनाना चाहते हैं, उनसे अपनी अभिरुचि व्यक्त करने के लिये सुझाव आमंत्रित हैं। इस संबंध में भागीदारी के लिये इच्छुक व्यक्ति या समूह ई-मेल आई.डी. sramana-labcoop@mp.gov.in पर अपने नाम अथवा सुझाव प्रेषित कर सकते है।

## राजा रघुवंशी मर्डर केस की चार्जशीट लेने भाई विपिन पहुंचा शिलांग

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** ट्रांसपोर्ट कारोबारी राजा रघुवंशी हत्याकांड में एसआईटी की 790 पन्नों की चार्जशीट शिलॉन्ग कोर्ट में दाखिल किए जाने के बाद राजा के भाई विपिन रघुवंशी शिलॉन्ग पहुंच गए हैं। विपिन चार्जशीट की कॉपी लेने की कोशिश कर रहे हैं, ताकि उन्हें केस से जुड़ी पूरी जानकारी मिल सके।

विपिन रघुवंशी ने बताया कि उन्होंने चार्जशीट दाखिल होने के बाद अपने वकील से चर्चा की थी और इसके बाद वे 9 सितंबर को इंदौर से शिलॉन्ग रवाना हुए थे। 10 सितंबर को शिलॉन्ग पहुंचकर उन्होंने वकील से मुलाकात की। उनका कहना है कि वे यह जानना चाहते हैं कि चार्जशीट में कौन-कौन सी धाराएं लगाई गई हैं और किस पर क्या आरोप है। विपिन ने बताया कि उन्होंने राजा के केस के लिए पहले ही एक वकील हायर किया था। शिलॉन्ग में इस केस में तीन सरकारी वकीलों के अलावा एक वकील उनके द्वारा नियुक्त है। वे अपने वकील से लगातार संपर्क में हैं और केस की हर जानकारी परिवार को देते रहते हैं। विपिन ने कहा कि चार्जशीट की प्रति अभी उन्हें नहीं मिली है, क्योंकि अभी तक केस की सुनवाई शुरू नहीं हुई है। हालांकि, उन्होंने इसके लिए कोर्ट में आवेदन दे दिया है। अगर उन्हें आज चार्जशीट मिल जाती है, तो वे इंदौर वापस लौटने की योजना बना रहे हैं। गौरतलब है कि इससे पहले जब विपिन शिलॉन्ग पहुंचे थे, तब उन्होंने अपने भाई राजा की आत्मा की शांति के लिए पूजा कराई थी।

# 'धीरे रे चलो मोरी बांकी हिरणिया' ने लूटी महफिल




@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। प्रेस क्लब में संगम म्यूजिकल ग्रुप द्वारा स्वर्गीय महान गायक मुकेशजी की याद में संगीतमय संध्या का आयोजन किया गया। आयोजक हरिदर्शन सिंह ददू थे। इस अवसर पर करीब 20 कलाकारों ने अपनी गायिकी की प्रस्तुति देकर स्वर्गीय मुकेश को श्रद्धांजलि अर्पित की।**

कार्यक्रम में प्रस्तुत गीतों ने श्रोताओं को मुकेश युग की याद दिला दी। विशेष रूप से युगल गीतों की शानदार प्रस्तुति ने महफ़िल में रंग जमा दिया। श्रीमती शशि खंडेलवाल और सुशील खंडेलवाल द्वारा प्रस्तुत गीत "तेरे होंठों के दो फूल" तथा "हमसफ़र मेरे हमसफ़र" को श्रोताओं ने खूब सराहा। वहीं जब सुशील खंडेलवाल ने "धीरे रे चलो मोरी बाँकी हिरणिया" गाया तो पूरा हॉल तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा और यह गीत संध्या का मुख्य आकर्षण बन गया। कार्यक्रम के अंत तक श्रोता स्वर्गीय मुकेशजी की मधुर यादों में खोए रहे और यह शाम हर किसी के दिल में एक सुरीली याद बनकर बस गई।

# बीएसएनएल द्वारा नेशनल लोक अदालत 13 सितम्बर को

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इन्दौर।** मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के आदेशानुसार आगामी 13 सितम्बर 2025 को नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। नेशनल लोक अदालत इंदौर सहित खंड़वा, खरगोन, धार, झाबुआ में भी आयोजित की जायेगी। इस लोक अदालत में बीएसएनएल द्वारा उपभोक्ताओं की सुविधा हेतु जिला न्यायालय इंदौर एवं तहसील न्यायालय में बकाया लैंडलाइन, ब्रॉडबैंड, एफटीटीएच एवं मोबाइल पोस्टपेड बिल से संबंधित प्रीलिटिगेशन प्रकरणों का निराकरण किया जाएगा। बीएसएनएल के क्षेत्रीय उप महाप्रबंधक ने बताया कि उपभोक्ताओं द्वारा अपने बकाया बिलों की राशि लोक अदालत में जमा करने पर उन्हें नियमानुसार 10 प्रतिशत से 50 प्रतिशत तक की आकर्षक छूट का लाभ प्रदान किया जाएगा। साथ ही उपभोक्ताओं के आग्रह पर उन्हें पुनः लीज्ड सर्किट, लैंडलाइन, ब्रॉडबैंड, एफटीटीएच तथा मोबाइल सेवाएं उपलब्ध कराई जाएँगी। बीएसएनएल के उपभोक्ता अपने बिल संबंधित प्रकरणों का निराकरण बीएसएनएल के ग्राहक सेवा केंद्र, नेहरू पार्क स्थित कार्यालय राजस्व अनुभाग में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर भी करवा सकते हैं।

# किसानों को किसी तरह का नुकसान नहीं होने देंगे : मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**शाजापुर, एजेंसी। प्रदेश सरकार किसानों के साथ है और हम किसानों को किसी तरह का नुकसान नहीं होने देंगे। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने गुरूवार को शाजापुर जिले की पोलायकलां तहसील के ग्राम खड़ी में विभिन्न कारणों से खराब हुई सोयाबीन की फसल के अवलोकन के बाद किसानों को यह भरोसा दिलाया।**



मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने शाजापुर कलेक्टर सहित प्रदेश के सभी कलेक्टर्स को खराब हुई सोयाबीन की फसल का सर्वे कराने के निर्देश दिये। किसान कल्याण एवं कृषि विकास मंत्री श्री एदल सिंह कंषाना, विधायक घनश्याम चन्द्रवंशी, अरूण भीमावद, जिला पंचायत अध्यक्ष हेमराज सिंह सिसोदिया एवं डॉ. रवि पाण्डेय भी इस अवसर पर मौजूद थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने किसान चौपाल में कहा कि बारिश कम होने एवं कीट प्रकोप के कारण जहां-जहां भी सोयाबीन की फसल को नुकसान हुआ है, उसका पूरा सर्वे कराया जायेगा, किसानों को नुकसान नहीं होने देंगे। किसानों को अधिकतम लाभ दिया जायेगा। किसानों की जिंदगी बेहतर हो, इसके लिए केन्द्र एवं राज्य की सरकार लगातार प्रयासरत हैं। उन्होंने कलेक्टर शाजापुर को निर्देश दिये कि जिन किसानों को पिछले वर्षों की बीमा राशि प्राप्त नहीं हुई है, उनके प्रकरणों का निराकरण कराएं। आने वाले समय में शाजापुर जिले के किसानों को नर्मदा-पार्वती-चंबल-कालीसिंध लिंक परियोजना से पानी उपलब्ध कराया जाएगा। इससे गरीब किसानों के जीवन में बदलाव आएगा।

# सिंहस्थ-2028 के दृष्टिगत स्कूल शिक्षा विभाग आवश्यक तैयारियां करें



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी। स्कूल शिक्षा मंत्री उदय प्रताप सिंह ने कहा है कि उज्जैन में सिंहस्थ-2028 वृहद स्तर का आयोजन है, इसको देखते हुए स्कूल शिक्षा विभाग अभी से आवश्यक तैयारियां शुरू कर दें। उन्होंने कहा कि स्कूल भवनों की स्थिति और उनमें आवश्यक सुधार के प्रस्ताव तैयार कर शासन स्तर पर भेजें। उन्होंने शासकीय स्कूल भवनों की सूची तैयार किये जाने के भी निर्देश दिए। मंत्री श्री सिंह बुधवार को उज्जैन में संभागीय स्तर की बैठक को संबोधित कर रहे थे।**

मंत्री श्री सिंह ने कहा कि युवा शिक्षकों को सिंहस्थ की आवश्यक व्यवस्था में सहयोग देने के लिये अभी से प्रशिक्षण दिलाये जाने की व्यवस्था की जाए। बैठक में बताया गया कि उज्जैन जिले में 1733 शासकीय विद्यालय और 985 अशासकीय विद्यालयों का संचालन किया जा रहा है। विद्यार्थी प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत कक्षा 1 से 8 तक के विद्यार्थियों को शत् प्रतिशत निःशुल्क पाठ्य पुस्तकों और साईकिल का वितरण किया जा चुका है। बैठक में परीक्षा परिणाम में वृद्धि के लिये प्रत्येक विद्यालय के विषय शिक्षकों का एक दिवसीय प्रशिक्षण संभागीय स्तर पर शुरू किया जा चुका है। प्रत्येक विद्यार्थी की प्रोफाईल बनाई जा रही है। बैठक के बाद स्कूल शिक्षा मंत्री श्री सिंह ने ग्राम दाउखेड़ी में निर्माणाधीन सांदीपनि स्कूल का निरीक्षण किया। उन्होंने संभाग के अन्य जिलों की स्कूल शिक्षा से संबंधित प्रगति की भी समीक्षा की। परिवहन मंत्री श्री सिंह ने उज्जैन में बुधवार को परिवहन विभाग की संभागीय समीक्षा बैठक को संबोधित किया।

मंत्री श्री सिंह ने कहा कि उज्जैन में मुख्यमंत्री सुगम परिवहन सेवा को जल्द ही मूर्त रूप दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि लापरवाही एवं अनियंत्रित तरीके से वाहन चलाने वालों के विरूद्ध लायसेंस सस्पेंड की कार्रवाही की जाए। परिवहन मंत्री ने कहा कि सिंहस्थ-2028 के आयोजन को देखते हुए उज्जैन में परिवहन व्यवस्था की लगातार समीक्षा की जाए। उन्होंने परिवहन विभाग के अधिकारी और कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिलाये जाने पर भी जोर दिया।

### ज्योतिरादित्य सिंधिया बोले-

# सरपंचपति-अध्यक्षपति जैसी परंपराएं खत्म होंगी



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**अशोक नगर, एजेसी।** केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने गुरुवार को अशोकनगर कलेक्ट्रेट कार्यालय में प्रेसवार्ता कर जिले को कई सौगातें दीं। सिंधिया ने बताया कि शहर की मुख्य पांच सड़कों पर आकर्षक स्वागत द्वार बनाए जाएंगे।

इसके अलावा शहर में पहली बार एक थीम रोड, 96 करोड़ की लागत से 12 किमी लंबा बायपास रोड और 43 करोड़ का स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स भी बनेगा। साथ ही 300 बिस्तरों का अस्पताल 2027 तक तैयार होगा। सिंधिया ने नल-जल योजना की धीमी रफ्तार पर नाराजगी जताते हुए अधिकारियों को एक माह की समयसीमा दी। इसके साथ ही सिंधिया ने कहा- "अब प्रधानपति, सरपंचपति, जिला पंचायतपति और अध्यक्षपति जैसी परंपराएं खत्म होंगी। सिंधिया ने बताया कि गुना रोड पर राजराजेश्वर स्वागत द्वार, ईसागढ़ रोड पर बीजासन द्वार, चंदेरी रोड पर चंदेरी किला द्वार, विदिशा रोड पर माता जानकी द्वार और अरोन रोड पर विंध्यवासिनी द्वार बनाया जाएगा। सभी द्वार स्थानीय संस्कृति और ऐतिहासिक महत्व को ध्यान में रखकर तैयार होंगे।

## बुजुर्ग ने झुंझलाहट में इलेक्ट्रिक बोर्ड में मारा डंडा, आग

**भोपाल।** कमिश्नर ऑफिस में गुरुवार दोपहर अचानक आग लगने से हड़कंप मच गया। कर्मचारी हाथों में पानी की बाल्टियां लेकर दौड़े और आग बुझाई। आगजनी के दौरान कमिश्नर संजीव सिंह भी ऑफिस में मौजूद थे। आग लगने से ऑफिस की बिजली करीब डेढ़ घंटे गुल रही। कोहेफिजा पुलिस बुजुर्ग को साथ ले गई है, उनसे पूछताछ की जा रही है। घटना दोपहर 1 बजे की बताई जा रही है। एक बुजुर्ग जमीन से जुड़े एक मामले की फरियाद लेकर कमिश्नर ऑफिस पहुंचे थे। इस दौरान उनकी बात को किसी ने नहीं सुना तो झुंझलाहट में आकर उन्होंने हाथ में रखा लट्ठ (डंडा) इलेक्ट्रिक बोर्ड में दे मारा। जिससे बिजली लाइन में शॉर्ट सर्किट हो गया और चिंगारी निकलने लगीं। इससे आगंतुकों के बैठने के लिए लगे सोफे ने आग पकड़ लगी। कुछ ही देर में सोफे जलकर खाक गए।

# कैदी कॉन्स्टेबल की रायफल ले उड़ा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**छतरपुर, एजेंसी।** हत्या की कोशिश करने के ट्रायल का सामना कर रहा कैदी जिला अस्पताल से भाग निकला है। वह भागते वक्त सुरक्षा में तैनात पुलिसकर्मी की रायफल भी ले गया। मामला बुधवार-गुरुवार की दरमियानी रात का है। एसपी अगम जैन ने अस्पताल में तैनात 4 पुलिसकर्मियों को सस्पेंड कर दिया है। देरी गांव का रहने वाला रविंद्र सिंह परिहार थाना ओरछा का हिस्ट्रीशीटर है। पुलिस को उसकी तलाश थी। 18 नवंबर 2024 को मातगुवां थाना क्षेत्र के वेयरहाउस में पुलिस ने उसे घेर लिया था। रविंद्र ने पुलिस पर गोली चला दी। जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने दाहिने पैर में गोली मारकर रविंद्र को गिरफ्तार कर लिया था। उसे जेल भेज दिया गया था। कोर्ट के आदेश पर 9 सितंबर को उसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया था।

## मोहन भागवत को दी जन्म दिवस की बधाई

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने विश्व के सबसे बड़े स्वयंसेवी संगठन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक मोहन भागवत को जन्मदिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बाबा महाकाल से उनके उत्तम स्वास्थ्य एवं दीर्घायु की कामना की। उन्होंने कहा कि श्री भागवत का मार्गदर्शन प्रत्येक भारतीय में राष्ट्रवादी संस्कारों का संचार कर भारत को पुनः उसके परम वैभव पर ले जाने में सहायक सिद्ध हो, ईश्वर से यही प्रार्थना है।

# शहीद हुए वन कर्मचारियों को दी श्रद्धांजलि

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने वन एवं वन्यप्राणियों की सुरक्षा करते हुए प्राण न्यौछावर करने वाले शहीद वन कर्मचारियों को विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि वर्ष 2025 में बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व के सुरक्षा श्रमिक स्व. नागेंद्र सिंह एवं वीरांगना दुर्गावती टाइगर रिजर्व, सागर के वनपाल स्व. फूलसिंह रजक और सतपुड़ा टाइगर रिजर्व के स्थायी कर्मचारी स्व. हरिराम धुर्वे कर्त्तव्य का निर्वहन करते हुए शहीद हुए। इन वनकर्मियों का त्याग और समर्पण सदैव प्रेरक रहेगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राज्य शासन द्वारा शहीद वनकर्मियों के परिवारों को सहायता राशि के अतिरिक्त टाइगर फाउंडेशन सोसाइटी द्वारा 1-1 लाख रुपए की अतिरिक्त आर्थिक सहायता प्रदान की जाएगी। राज्य सरकार शहीद वनकर्मियों के परिजन के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है।

# 15 लाख के लिए बेटे की 'मौत का कागज' बनवाया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**नर्मदापुरम, एजेंसी।** जिले के उमरधा गांव से हैरान करने वाला मामला सामने आया है। यहां एक परिवार ने बीमा की राशि के लिए अपने जिंदा बेटे को कागजों में मृत घोषित कर दिया। उन्होंने फर्जी मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाया और बीमा कंपनी से क्लेम पाने की साजिश रची। राजेंद्र कुशवाह और उनके भाई हल्के भैया ने बेटे नर्मदा को लेकर ये झूठा दावा किया। गांव वाले राखी के बाद भुजरिया देने उनके घर पहुंचे तब पता चला कि नर्मदा जीवित है। पंचायत ने तत्काल बीमा कंपनी को सूचित किया, जिसकी जांच में इस फर्जीवाड़े का खुलासा हो गया। जनपद पंचायत सीईओ ने मामले की जांच के आदेश दे दिए हैं। वहीं, पिता और चाचा अपने बेटे को लेकर गांव से भाग गए हैं। पुलिस ने मामला दर्ज करने से इनकार करते हुए विभागीय जांच की बात कही है।

## संपादकीय

# हाइड्रोजन फिलिंग स्टेशन स्थापित किए जाएंगे

आने वाले दिनों में बस का सफर सस्ता हो सकता है। केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने गुरुवार को कहा कि उनका मंत्रालय राष्ट्रीय राजमार्गों का उपयोग करने वाले राज्य और निजी बस संचालकों को लाभ देने के लिए एक टोल नीति पर काम कर रहा है। सरकार ने राजमार्ग पर परेशानी मुक्त यात्रा की दिशा में एक कदम उठाते हुए गैर-वाणिज्यिक वाहनों के लिए फास्टैग आधारित वार्षिक पास की शुरुआत कर दी है, जिसकी कीमत 3,000 रुपये है। यह पास 15 अगस्त से प्रभावी है। यह पास सक्रिय होने की तारीख से एक वर्ष या 200 यात्राओं (जो पहले हो) तक वैध होगा। यह पास विशेष रुप से गैर-वाणिज्यिक निजी वाहनों जैसे कार, जीप और वैन के लिए बनाया गया है। गडकरी ने एक कार्यक्रम में कहा कि हम राष्ट्रीय राजमार्गों का उपयोग करने वाले राज्य और निजी बस संचालकों को लाभ प्रदान करने के लिए एक टोल नीति पर काम कर रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि सरकार ने वाहनों से होने वाले प्रदूषण को कम करने के उद्देश्य से हरित हाइड्रोजन चालित ट्रकों के संचालन के लिए देश के विभिन्न हिस्सों में 10 राजमार्ग खंडों की पहचान की है। इनमें ग्रेटर नोएडा-दिल्ली-आगरा, भुवनेश्वर-पुरी-कोणार्क, अहमदाबाद-वडोदरा-सूरत, साहिबाबाद-फरीदाबाद-दिल्ली, जमशेदपुर-कलिंगनगर, तिरुवनंतपुरम-कोच्चि और जामनगर-अहमदाबाद आदि शामिल हैं। गडकरी ने कहा कि इन खंडों पर इंडिया ऑयल और रिलायंस पेट्रोलियम द्वारा हाइड्रोजन फिलिंग स्टेशन स्थापित किए जाएंगे। उन्होंने आगे कहा कि टाटा मोटर्स, अशोक लेलैंड और वोल्वो ने पहले ही हाइड्रोजन से चलने वाले ट्रक बनाना शुरु कर दिया है। गडकरी ने यह भी कहा कि एनएचएआई राष्ट्रीय राजमार्गों के किनारे निजी भूमि पर 750 सुविधाएं बना रहा है। गडकरी ने कहा कि 20 प्रतिशत एथनॉल के मिश्रण वाले पेट्रोल को लेकर सोशल मीडिया पर पैसा देकर अभियान चला गया था, जिसका मकसद उन्हें राजनीतिक रुप से निशाने पर लेना था। गडकरी ने वाहन विनिर्माताओं के संगठन सियाम की वार्षिक बैठक में यह दावा किया। उन्होंने कहा, 'ई-20 को लेकर सोशल मीडिया पर अभियान पैसे देकर चलाया गया था। यह अभियान एथनॉल के खिलाफ था और मुझे राजनीतिक रुप से निशाना बनाने के लिए चलाया गया था।' पेट्रोल में 20 प्रतिशत एथनॉल (ई-20) के मिश्रण वाले ईंधन से वाहनों के प्रदर्शन में गिरावट आने और कलपुर्जों के जल्द खराब होने की चर्चाएं सोशल मीडिया पर काफी तेज रहीं। इस दौरान ई-20 पेट्रोल से वाहनों के माइलेज में गिरावट और इंजन पर असर पड़ने की आशंका जताई गई। गडकरी ने पेट्रोल में ई-20 की मिलावट करने से जुड़ी चिंताओं के बारे में पूछे जाने पर कहा, 'सभी पक्षों ने इस बारे में अपना-अपना पक्ष रखा है। इनमें भारतीय वाहन अनुसंधान संघ (एआरएआई) और सियाम भी शामिल हैं।'

isha



**हमेशा यह सोचना कि आपके साथ कुछ गलत है, एक बड़ी बीमारी है जिससे बहुत से इंसान पीड़ित हैं।**

– जग्गी वासुदेव

## महिला जगत

हिंदी दिवस 2025

# महादेवी वर्मा से मन्नू भंडारी तक, हिंदी साहित्य में महिलाओं की ताकत

राष्ट्रीय हिंदी दिवस 14 सितंबर को मनाया जाता है। हिंदी दिवस केवल भाषा के गौरव का पर्व नहीं है, बल्कि यह उन रचनाकारों को भी याद करने का अवसर है जिन्होंने हिंदी साहित्य को समृद्ध किया। जब हम साहित्य की बात करते हैं तो महिला लेखिकाओं का योगदान अनदेखा नहीं किया जा सकता। समाज की रूढ़ियों, परंपराओं और सीमाओं को लांघते हुए महिलाओं ने अपनी लेखनी से साहित्य को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया। साथ ही महिला सशक्तिकरण की राह भी दिखाई। हिंदी साहित्य के आरंभिक दौर में महिला लेखिकाओं की संख्या बहुत कम थी। लेकिन महादेवी वर्मा, सुभद्राकुमारी चौहान, अमृता प्रीतम, मनु भंडारी जैसी तमाम महिला लेखिकाओं ने लेखन क्षेत्र में स्त्रियों की स्थिति को प्रोत्साहित किया। हिंदी दिवस 2025 पर आइए जानते हैं हिंदी साहित्य में महिला लेखिकाओं के अमूल्य योगदान के बारे में।



## हिंदी साहित्य की 10 प्रमुख महिला लेखिकाएं और उनका योगदान

### ◆ महादेवी वर्मा

महादेवी वर्मा की रचनाएं हैं यामा, दीपशिखा, निहार। इन्हें आधुनिक मीरा कहा जाता है। नारी जीवन की पीड़ा, संवेदनशीलता और स्वतंत्रता की खोज उनकी रचनाओं में झलकती है।

### ◆ सुभद्राकुमारी चौहान

सुभद्राकुमारी चौहान की रचना झांसी की रानी, मुकुल आदि काफी प्रसिद्ध हुईं। उनकी कविता खूब लड़ी मर्दानी आज भी स्वतंत्रता संग्राम का प्रतीक है। वे क्रांतिकारी और जोशीली कविताओं के लिए जानी जाती हैं।

### ◆ अमृता प्रीतम

पंजाबी और हिंदी साहित्य की मशहूर लेखिका अमृता प्रीतम ने पिंजर और कागज़ ते कैनवास जैसी खूबसूरत रचनाएं दीं। पिंजर उपन्यास में उन्होंने विभाजन की त्रासदी और स्त्री की पीड़ा का मार्मिक चित्रण किया।

### ◆ कृष्णा सोबती

कृष्णा सोबती ने ज़िंदगीनामा और मित्रो मरजानी लिखी। उन्होंने स्त्री की यथार्थवादी छवि और ग्रामीण जीवन के संघर्षों को सशक्त ढंग से साहित्य में उकेरा।

### ◆ मन्नू भंडारी

आधुनिक हिंदी कथा साहित्य में मन्नू भंडारी ने नई जमीन तैयार की। उनके उपन्यासों में स्त्री-पुरुष संबंधों और समाज की विसंगतियों का गहरा चित्रण है। उन्होंने आपका बंटी, महाभोज जैसी रचनाओं से अपने लेखन कौशल का उत्कृष्ट नमूना पेश किया।

Uttarpradesh

# लखनऊ में तेज रफ्तार रोडवेज बस पलटी, 5 की मौत



**लखनऊ. उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में गुरुवार की देर शाम बड़ा सड़क हादसा हो गया. लखनऊ-हरदोई रोड पर तेज रफ्तार रोडवेज बस अनियंत्रित होकर पलट गई. इस हादसे में पांच लोगों की मौत हो गई है, जबकि 10 अन्य यात्री घायल बताए जा रहे हैं. हादसे की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने स्थानीय लोगों के साथ राहत कार्य शुरू कर दिया है.**

बस में फंसे यात्रियों को निकालकर उपचार के लिए नजदीकी अस्पताल ले जाया जा रहा है. घटना लखनऊ के काकोरी थाना क्षेत्र अंतर्गत बेहटा नाला पुलिस के पास की है. हरदोई-लखनऊ रोड पर हुए इस सड़क हादसे में जान गंवाने वाले चार लोगों की पहचान बाबू राम, नानदेव, संजीव कुमार और दिलशाद के रूप में हुई है. पुलिस ने पांच मौत की पुष्टि की है. सीएम योगी आदित्यनाथ ने भी इस हादसे का संज्ञान लिया है. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों को तत्काल मौके पर पहुंचने और राहत कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए हैं. सीएम योगी ने अधिकारियों को यह निर्देश भी दिया है कि घायलों को समुचित उपचार की सुविधा उपलब्ध कराई जाए.

सीएम ने घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की है. हादसे की वजह रोडवेज बस की तेज रफ्तार बताई जा रही है. पुलिस प्रशासन के आला अधिकारी मौके पर मौजूद हैं. घायलों को उपचार के लिए नजदीकी अस्पताल ले जाया गया है, जहां डॉक्टर्स की टीम उपचार में जुटी है.

Hyderabad

## कुकर, चाकू और कैंची से मर्डर... अभी तक फरार हैं रेणु अग्रवाल के कातिल, दहला देगी ये वारदात



**हैदराबाद, (एजेंसी)** हैदराबाद की एक सुरक्षित समझी जाने वाली हाई-प्रोफाइल सोसायटी में कत्ल का ऐसा मंजर सामने आया कि देखने वालों की रूह कांप उठी. वहां 50 साल की रेणु अग्रवाल की बेरहमी से हत्या कर दी गई. कातिल कोई बाहरी नहीं बल्कि घर के वो नौकर थे, जिन पर भरोसा कर परिवार ने घर में जगह दी थी. जिस तरह से कत्ल की वारदात को अंजाम दिया गया, वो तरीका किसी फिल्मी सीन से कम नहीं लगता. लेकिन असलियत में ये वारदात एक रियल लाइफ क्राइम स्टोरी बन गई. इस वारदात ने पूरे इलाके में दहशत फैला दी और यह सवाल खड़ा कर दिया कि आखिर नौकरों या घर में काम करने वाले स्टाफ पर भरोसा कैसे किया जाए. हैदराबाद की इस कहानी का आगाज़ कुकटपल्ली के हाई प्रोफाइल स्वान लेक अपार्टमेंट से होता है. जहां 50 वर्षीय महिला रेणु अग्रवाल की बेरहमी से हत्या कर दी गई. रेणु, शहर के स्टील कारोबारी राकेश अग्रवाल की पत्नी थीं. इस हत्याकांड से इलाके में सनसनी फैल गई. शुरुआती जांच में सामने आया कि वारदात को घर में काम करने वाले नोकरों ने ही अंजाम दिया और हत्या के बाद फरार हो गए. बुधवार सुबह जब राकेश और उनका बेटा शोरूम के लिए निकले, तब रेणु घर में अकेली थीं. रोज की तरह शाम लगभग 5 बजे राकेश ने पत्नी को फोन किया. लेकिन इस बार उन्होंने कॉल रिसीव नहीं किया. राकेश ने सोचा कि शायद बिजी होंगी.

Uttarpradesh

## पत्नी ने मुंह दबाया, भतीजे ने कसा गला; चाचा राख हो गए तब भतीजी ने खोला रात का राज

**बीबीनगर(बुलंदशहर), (एजेंसी)** यूपी के बुलंदशहर में दो दिन पहले हुई 28 वर्षीय ओमपाल की मौत को परिजनों ने स्वाभाविक मानते हुए अंतिम संस्कार कर दिया था। अब उसमें बड़ा खुलासा हुआ है। चाचा के राख होने के बाद भतीजी ने उस रात का राज खोला है। ओमपाल की बेरहमी से हत्या की गई थी। ओमपाल की पत्नी और भतीजे ने मिलकर पहले गला दबाया फिर चुनरी से गले को कसकर मौत के घाट उतारा था। बगल में सोई भतीजी सबकुछ देख रही थी लेकिन डर के मारे दो दिनों तक गुमशुम रही। अपने हाथों से चाचा की हत्या के बाद रोने का नाटक कर रही चाची को देखकर भतीजी का खून खौल उठा। उसने परिवार को बताया कि चाची ने ही अपने प्रेमी के साथ मिलकर चाचा की गला दबाकर हत्या की है। किशोरी की बातें सुनकर परिजनों के पैरों तले जमीन खिसक गई। चाची का प्रेमी भी कोई और नहीं ओमपाल का ही भतीजा निकला। चाची-भतीजे ने अवैध संबंधों में रोड़ा बन रहे ओमपाल की हत्या की थी। घटना बीबीनगर थाना क्षेत्र के गांव परतापुर में सोमवार रात हुई।

Chhattisgarh

## छत्तीसगढ़ में 10 माओवादी ढेर, मुठभेड़ में 1 करोड़ का इनामी, कमांडर भी मारा गया

**गरियाबंद, (एजेंसी)** छत्तीसगढ़ के गरियाबंद जिले में गुरुवार को सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हुई, जो अभी भी जारी है। इसमें 1 करोड़ के इनामी नक्सली मोडेम बालकृष्ण समेत 10 नक्सलियों के मारे जाने की खबर है। एसपी निखिल राखेचा ने मैनपुर के जंगलों में मुठभेड़ की पुष्टि की है। रायपुर रेंज के आईजी अमरेश मिश्रा ने बताया कि मैनपुर थाना क्षेत्र के जंगल में सुरक्षाकर्मी नक्सल विरोधी अभियान पर थे, तभी उनका सामना नक्सलियों से हो गया और दोनों तरफ से गोलीबारी शुरू हो गई। उन्होंने कहा कि एसटीएफ, कोबरा (सीआरपीएफ की कमांडो बटालियन फॉर रेजोल्यूट एक्शन) और राज्य पुलिस के जवान इस अभियान में शामिल हैं। मिली जानकारी के अनुसार, कम से कम 10 नक्सलियों को मार गिराया गया है। गोलीबारी अभी भी जारी है। आईजी अमरेश मिश्रा ने बताया कि जंगल में नक्सलियों के शव पड़े हुए हैं। आईईडी लगे होने का भी खतरा है। रात में सर्च ऑपरेशन नहीं किया जा सकता।



खेल

# लिटन के अर्धशतक से बांग्लादेश ने जीत से किया आगाज, हॉन्गकॉन्ग को सात विकेट से हराया




**अबु धाबी।** बांग्लादेश ने हॉन्कॉन्ग को सात विकेट से हराकर एशिया कप 2025 में अपने अभियान की शानदार शुरुआत की है। गुरुवार को अबु धाबी में मौजूदा टूर्नामेंट का तीसरा मुकाबला खेला गया। टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी हॉन्गकॉन्ग की टीम ने 20 ओवर में सात विकेट पर 143 रन बनाए। जवाब में बांग्लादेश की टीम ने कप्तान लिटन दास की अर्धशतकीय पारी के दम पर 17.4 ओवर में तीन विकेट पर 144 रन बनाए और मुकाबला अपने नाम कर लिया। एशिया कप के इस संस्करण में यह हॉन्ग कॉन्ग की दूसरी शिकस्त है। इससे पहले उन्हें अफगानिस्तान ने ग्रुप स्टेज के पहले ही मैच में 94 रन से रौंदा था।

**तौहीद-लिटन के बीच 95 रन की साझेदारी-** बांग्लादेश के सलामी बल्लेबाज परवेज हुसैन इमोन ने 14 गेंद में 19 रन बनाये। बीच के ओवरों में रन मुश्किल से बने और पावरप्ले के बाद एक समय तो 33 गेंद में कोई चौका छक्का नहीं लगा था। दास ने मोर्चे से अगुवाई करते हुए यासिम मुर्तजा को छक्का लगाया और फिर दो चौके लगाकर अपना अर्धशतक पूरा किया। मुर्तजा के फेंके 15वें ओवर में 16 रन बने। तौहीद हृदोय 36 गेंद में 35 रन बनाकर नाबाद रहे। उन्होंने लिटन दास के साथ 95 रन की साझेदारी की। दास 59 रन बनाकर अतीक इकबाल की गेंद पर बोल्ड हो गए लेकिन तौहीद ने टीम को विजयी रन तक पहुंचाया।

**बांग्लादेश के गेंदबाजों ने बनाया दबाव-** इससे पहले बांग्लादेश के गेंदबाजों ने अनुशासित प्रदर्शन करते हुए हॉन्गकॉन्ग को सात विकेट पर 143 रन पर रोक दिया। नए कप्तान लिटन के साथ उतरी बांग्लादेश ने पहले गेंदबाजी करते हुए पावरप्ले में ही दबाव बना दिया था। स्पिनर मेहदी हसन ने पहला ओवर डाला लेकिन तेज गेंदबाज तसकीन अहमद और तंजीम हसन साकिब ने हांगकांग के शीर्षक्रम को सबसे ज्यादा परेशान किया। नई गेंद से सीम और स्विंग दोनों मिल रही थी जिसका उन्होंने पूरा फायदा उठाया।

तस्कीन ने अंशुमान रथ (चार) को अपने पहले ओवर में विकेट के पीछे लपकवाया जबकि तंजीम ने बाबर हयात (14) को आउट किया। इससे पहले हयात ने उन्हें स्ट्रेट छक्का जड़ा था। पावरप्ले में हॉन्गकॉन्ग का स्कोर दो विकेट पर 34 रन था। सलामी बल्लेबाज जीशान अली (34 गेंद में 30 रन) ने कुछ अच्छे स्ट्रोक्स लगाये जिसमें लेग स्पिनर रिशाद हुसैन को एक्स्ट्रा कवर पर जड़ा छक्का शामिल है। उन्हें मुस्ताफिज़ूर रहमान ने 12वें ओवर में आउट किया। हॉन्गकॉन्ग के कप्तान यासिम मुर्तजा ने 19 गेंद में 28 रन बनाये। उनकी इस पारी की मदद से ही हॉन्गकॉन्ग टीम 140 रन के पार जा सकी।

सिनेमा

## चलती ट्रेन से कूदी बॉलीवुड की फेमस एक्ट्रेस, बुरी तरह हुई घायल, कहा- 'बहुत दर्द...'



'रागिनी MMS रिटर्न' और 'प्यार का पंचनामा' जैसी फिल्मों में नजर आ चुकीं एक्ट्रेस करिश्मा शर्मा एक बड़े हादसे का शिकार हो गईं. इस बात की जानकारी उन्होंने खुद अपने सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए दी है. एक्ट्रेस ने पोस्ट में बताया कि वह मुंबई की लोकल ट्रेन से चर्चगेट जा रही थीं, ट्रेन में चढ़ते ही स्पीड बढ़ गई और उनके दोस्त ट्रेन ठीक से पकड़ नहीं सके. इस डर की वजह से वह चलती ट्रेन से कूद गईं. जिससे वह बुरी तरह घायल हो गईं. बता दें कि इस समय एक्ट्रेस करिश्मा शर्मा हॉस्पिटल में एडमिट हैं. उन्होंने इंस्टाग्राम पर स्टोरी शेयर करके फैंस से रिक्वेस्ट की है कि वह उनकी जल्दी रिकवरी के लिए प्रार्थना करें. एक्ट्रेस करिश्मा ने इंस्टाग्राम पर स्टोरी शेयर कर लिखा, 'कल, चर्चगेट में एक शूटिंग के लिए जाते समय मैंने साड़ी पहनकर ट्रेन पकड़ने का फैसला किया. जैसे ही मैं ट्रेन में चढ़ी, ट्रेन की स्पीड बढ़ने लगी और मैंने देखा कि मेरे दोस्त उसे पकड़ नहीं पा रहे हैं. डर के मारे, मैं कूद गई और मैं पीठ के बल गिर गई, जिसकी वजह से मेरे सिर में काफी चोट आई है. एक्ट्रेस ने आगे लिखा, 'मेरी पीठ में चोट लग गई, मेरा सिर सूज गया और मेरी बॉडी पर चोट के निशान हैं. डॉक्टरों ने MRI करवाने की सलाह दी है ताकि पता चल सके कि सिर की चोट गंभीर नहीं है, मुझे एक दिन के लिए निगरानी में रखा है. मुझे कल से दर्द हो रहा है, लेकिन मैं मजबूत बनी हुई हूं.




1. **Guj Assembly passes Bill allowing women to work 12 hrs night shift**
2. **PM Modi holds bilateral meeting with Mauritius PM in Varanasi**
3. **Tejinder Bagga flags people eating on IGI Airport floor, authorities act within minutes**
4. **Hawking’s theories confirmed as 2 black holes ‘heard’ merging**
5. **Who is Rahul's 'foreign boss' guiding his vote theft toolkit: BJP**

# Infosys announces largest ever buyback at 19% premium to today's share price

**NEW DElHI, (Agency).** Infosys Ltd. has announced its biggest ever buyback at 19% premium to its closing share price on Thursday. The board of directors of India’s second largest IT services firm has approved a proposal to repurchase 10 crore fully paid-up equity shares of face value ₹5 each at ₹1,800 apiece, according to an exchange filing on Thursday. Meaning, the buyback is equivalent to 2.41% stake in the company and worth ₹18,000 crore.

The buyback size does not exceed 25% of the aggregate paid-up capital and free reserves, based on the latest financials as on 30 June 2025, the company stated.

As on 30 June 2025, Infosys had a free cash flow of ₹7,533 crore—a 17.7% year-on-year decline—but still 108.8% of net profit, according to quarterly results data. In US dollar terms, free cash flow was $884 million, or 109% of net profit. Infosys held consolidated cash and




investments of ₹45,204 crore as on 30 June 2025.

A record date for the Infosys buyback will be announced later. A share buyback typically indicates that the management views the stock as undervalued and that it has sufficient cash reserves. Infosys has a policy to return to a substantial portion of its free cash flow to shareholders.

To be sure, this is only the fourth share buyback in the history of the company that was co-founded by N.R. Narayana Murthy in 1981. Infosys listed in February 1993.

2017: The first-ever buyback in Infosys' three-decade history. The company repurchased 11.30 crore shares at ₹1,150 apiece, totalling ₹13,000 crore.

2019: Infosys bought back from the open market 11.05 crore shares at an average price of ₹747.38 apiece, totalling ₹8,260 crore.

2021: In another open market transaction, Infosys picked up shares worth ₹9,200 crore to ₹9,300 crore at ₹1,750-1,850 apiece.

# Urban Company IPO subscribed nearly 10X, GMP indicates listing-day pop

**NEW DElHI, (Agency).** The initial public offering of Urban Company Ltd. was subscribed nearly 10 times on the second day of share sale on robust demand from investors—small and large.

The retail portion, which is only 18% of the Urban Company IPO, was subscribed 18.67 times as of 5:00 pm, according to stock exchange data on Wednesday. Shares set aside for qualified institutional investors, more than half the IPO, was subscribed 1.56 times while the portion reserved for non-institutional investors was subscribed 19.15 times. Overall, the issue was subscribed 9.48 times.

Urban Company IPO GMP



The latest grey market premium for the Urban Company IPO was ₹37 as of 3:00 pm on 11 September. That indicates a listing price of ₹140—a premium of 35.92%. The unlisted shares were trading at ₹140 when the IPO opened for subscription on Wednesday.

Urban Company IPO Details

Urban Company Ltd., formerly UrbanClap, has launched an IPO to raise as much as ₹1,900 crore by issuing shares in a price band of ₹98-103 apiece. That pegs the company's valuation at $1.7 billion (about ₹15,000 crore).

IPO dates: 10-12 September

Allotment date: 15 September

Listing date: 17 September

IPO size: ₹1,900 crore

Issue size: ₹4.58 new shares

Offer for sale: 13.86 crore shares

Lot size: 145 shares or multiples thereof

On Tuesday, Urban Company raised ₹854 crore from marquee investors SBI Life Insurance and ICICI Prudential Life Insurance, among others, in an pre-IPO anchor placement. Existing shareholders and early backers, including Accel India and Elevation Capital, have offloaded shares worth ₹1,428 crore in the IPO.

# बैंकों से 21 दिन में 21 करोड़ का लोन लिया

## फाउंडेशन सोसाइटी पर EOW की एफआईआर

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर**। आर्थिक अनियमितताओं और करोड़ों रुपए के फर्जीवाड़े के आरोप में भोपाल ईओडब्ल्यू ने इंदौर की एक फाउंडेशन सोसाइटी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की है। इस सोसाइटी के खिलाफ पूर्व में लोकायुक्त और ईओडब्ल्यू दोनों में शिकायतें दर्ज कराई गई थीं, जिनकी जांच के बाद अब एफआईआर दर्ज की गई है।

ईओडब्ल्यू टीआई राजकुमार यादव के अनुसार, अनिल संघवी (निवासी विजयनगर, इंदौर) की शिकायत पर कार्रवाई की गई है। इसमें जय नारायण चौकसे, अनुपम चौकसे, धर्मेंद्र गुप्ता, श्वेता चौकसे, पूनम चौकसे, पूजा चौकसे, आशीष जायसवाल समेत अन्य के खिलाफ आर्थिक अपराध की धाराओं में बुधवार को एफआईआर दर्ज की गई है। जानकारी के अनुसार यह करीब 198 करोड़ का घोटाला है। शिकायतकर्ता अनिल संघवी ने बताया कि आरोपी आस्था फाउंडेशन फॉर सोसाइटी के पदाधिकारी हैं। उन्होंने एक ट्रस्ट बनाकर फर्जीवाड़ा करते हुए आर्थिक लाभ लिया है। सोसाइटी का गठन शैक्षणिक गतिविधियों, अस्पताल और अन्य सामाजिक सेवाओं के संचालन के लिए किया गया था, लेकिन इसका दुरुपयोग हुआ। अनिल संघवी ने आरोप लगाया कि सोसाइटी ने SBI, ICICI, HDFC और UK बैंक से महज 21 दिनों में 21 करोड़ रुपए से अधिक का लोन लिया, जिसे अलग-अलग गतिविधियों में लगाया गया। इसी संस्था से जुड़े LNCT कॉलेज के लिए SBI से 12 करोड़ रुपए का लोन लिया गया। इन सबके लिए फर्जी खर्चों के बिल लगाए गए। सोसाइटी से जुड़ी अन्य इकाइयां जैसे मेसर्स कल्चुरी कॉन्ट्रैक्ट लिमिटेड, सेफ इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग कॉलेज में सोसाइटी पदाधिकारियों ने अपने परिवार के सदस्यों को अनुचित लाभ पहुंचाया। इससे सोसाइटी को करीब 8.22 करोड़ रुपए की हानि हुई। इसके साथ ही कई संस्थानों में करोड़ों के लेनदेन में वित्तीय अनियमितताएं की गईं। डॉ. रमेश बदलानी द्वारा भी करोड़ों रुपए के खर्चों को अन्य मदों में दर्शाने की जानकारी सामने आई है। इन सभी मामलों की विस्तृत जांच के बाद, ईओडब्ल्यू ने सोसायटी के पदाधिकारियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली है और आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## कादरी को था खुद के एनकाउंटर का डर

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर**। ढाई माह बाद पुलिस गिरफ्त में आए पार्षद अनवर डकैत का पुलिस रिमांड जारी है। पूछताछ में कई खुलासे हो रहे है। उसने बताया कि मुख्यमंत्री मोहन यादव ने उसके खिलाफ बयान दिया था। उसके बाद से उसे एनकाउंटर और घर पर बुलड़ोजर चलने का डर सताने लगा था। इस कारण उसने आत्मसमर्पण कर दिया। अनवर ने यह भी कबूला कि उसने दोनों युवकों को लव जिहाद के लिए पैसा दिया था। रिमांड खत्म होने के बाद पुलिस उसे कोर्ट में पेश करेगी और इस मामले में जार्चशीट पेश की जाएगी। अनवर डकैत की बेटी आयशा ने भी उसकी फरारी काटने में मदद की। उसके ट्रेन बस के टिकट किए और होटलों का बिल भी चुकाया। इस कारण पुलिस ने उसे भी आरोपी बनाया है। केस दर्ज होने के बाद अनवर ने नेपाल में फरारी काटी। वह व्यापारी बनकर अलग-अलग होटलों में रहता था। खर्च के लिए उसने अपनी पत्नी के गहने बेचे। उसने नेपाल से वहां की सीम ले ली थी और उससे इंटनेट कॉल कर इंदौर में उसके खिलाफ चल रहे केस की जानकारी लेता था। अनवर कादरी पिता मोहम्मद असलम कादरी उर्फ अनवर पर इंदौर नगर के विभिन्न थाना क्षेत्रों के अलावा महाकाल उज्जैन थाना में भी भादवि के तहत 392 का प्रकरण पंजीबद्ध है। इसके अलावा इंदौर नगर के संयोगितागंज थाने में 7 प्रकरण, सदर बाजार थाने में 4, खजराना में 3, बाणगंगा में 2, चंदन नगर थाने में 2, जूनी इंदौर, सराफा, छोटी ग्वालटोली और एमजी रोड थाने में विभिन्न धाराओं में 1-1 प्रकरण पंजीबद्ध है।




स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667, मो.नं. 9826044334 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक